हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 5 फरवरी 2026

06 पटवारी संघ ने अपनी मांगों को लेकर एसडीएम...



09 पुलिस के हत्थे चढ़े ठगी और हाईवे पर लूट के शातिर...





## खबर संक्षेप

### जिला जल एवं स्वच्छता मिशन समिति की बैठक आज होगी आयोजित

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार 5 फरवरी को सुबह 11 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में जल जीवन मिशन अंतर्गत स्वीकृत सभी प्रगतिरत एकल नलजल प्रदाय योजनाओं और जल निगम पी.आई.यू सीहोर द्वारा क्रियान्वित की जा रही समूह नलजल प्रदाय योजनाओं की समीक्षा की जाएगी। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय द्वारा जिले के प्रत्येक घर में नल कनेक्शन के माध्यम से पेयजल प्रदाय करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए सीहोर जिले में जल एवं स्वच्छता मिशन समिति का गठन किया है।

### राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा का दौरा कार्यक्रम

सीहोर। राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा 5 फरवरी को दोपहर 1 बजे सीहोर तहसील के ग्राम गुड़भेला पहुंचेंगे और उप स्वास्थ्य केंद्र के नवीन भवन का लोकार्पण करेंगे। इसके बाद वे दोपहर 02 बजे इछावर तहसील के ग्राम धामंदा पहुंचेंगे और हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर आयुष्मान आरोग्य मंदिर के नवीन भवन का लोकार्पण करेंगे।

### शांति समिति की बैठक का आयोजन 10 को

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में आगामी महाशिवरात्री, होली, रंगपंचमी, गुड़ी पड़वा, चैत्र नवरात्री, चेती चांद, ईद-उल-फितर, श्रीराम नवमी, महावीर जयंती, हनुमान जयंती, गुड फ्रायडे, डॉ अम्बेडकर जयंती, परशुराम जयंती, बुद्ध पूर्णिमा, ईदुज्जुहा और मोहर्रम आदि त्यौहारों को शान्ति पूर्वक मनाये जाने के उद्देश्य से 10 फरवरी को दोपहर 03 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई है।

### श्रमोदय आवासीय प्रवेश परीक्षा 8 को होगी

**सीहोर।** मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा जिला उत्कृष्ट व मॉडल स्कूल एवं श्रमोदय आवासीय प्रवेश चयन परीक्षा 2026 का आयोजन किया जा रहा है। यह परीक्षा 8 फरवरी 2026 को सुबह 11 बजे से शुरू होगी और दोपहर 1 बजे तक चलेगी। श्रमोदय आवासीय प्रवेश परीक्षा में कुल 2 हजार 870 विद्यार्थी एवं जिला उत्कृष्ट/मॉडल स्कूल प्रवेश परीक्षा में 80 हजार 699 विद्यार्थी शामिल होंगे। परीक्षा के लिए प्रदेशभर में कुल 386 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। प्रवेश परीक्षा में शामिल होने वाले सभी विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा यह निर्देशित किया गया है कि सभी परीक्षार्थी समय रहते अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर लें तथा निर्धारित तिथि एवं समय पर परीक्षा केंद्र पर उपस्थित हों।

# कोठरी स्थित वीआईटी में 'मिनी इंडिया' की झलक, विवादों के बाद व्यवस्थाएं हुई चाक-चौबंद, विद्यार्थियों में बढ़ा संतोष

### कैंपस में मौजूद हैं हर प्रांत के छात्र, प्लेसमेंट और आधुनिक पढ़ाई पर विशेष ध्यान

**सीहोर।** जिला मुख्यालय के पास कोठरी में स्थित वीआईटी यूनिवर्सिटी आज देश भर के युवाओं के लिए शिक्षा का बड़ा केंद्र बनकर उभरी है। पिछले दिनों में सुविधाओं को लेकर सामने आए विवाद के बाद प्रबंधन खास सतर्क और अलर्ट हो गया है। प्रबंधन अब हर छोटी-बड़ी व्यवस्था पर पैनी नजर रख रहा है, जिससे कैंपस के हजारों छात्र-छात्राओं में आत्म-संतोष है।

वीआईटी कोठरी की सबसे बड़ी खूबसूरती यहां की विविधता है। वर्तमान में यहां लगभग 10 से 15 हजार छात्र-छात्राएं पढ़ाई कर रहे हैं।

यहां केवल मध्य प्रदेश के ही बच्चे नहीं हैं, बल्कि उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, दिल्ली और हरियाणा सहित दक्षिण भारत के आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और तमिलनाडु जैसे राज्यों से भी बड़ी संख्या में छात्र यहां शिक्षा लेने आते हैं। अलग-अलग राज्यों और संस्कृतियों के छात्र होने की वजह से पूरे कैंपस में एक 'मिनी इंडिया' जैसा माहौल रहता है, जहां छात्र आपस में मिलकर नई चीजें सीखते हैं।




### क्यों है यह छात्रों की पहली पसंद?

देश भर के छात्र इस यूनिवर्सिटी को इसलिए पसंद कर रहे हैं क्योंकि यहां की फैकल्टी और पढ़ाई का तरीका अंतरराष्ट्रीय स्तर का है। संस्थान का दावा है कि यहां शत-प्रतिशत शिक्षक पीएचडी होल्डर हैं। यहां की कैल्टेक लर्निंग तकनीक छात्रों को किताबी ज्ञान के बजाय प्रैक्टिकल नॉलेज पर ज्यादा जोर देती है। इसके अलावा यहां छात्रों को अपना टाइम-टेबल और पसंदीदा टीचर खुद चुनने की आजादी मिलती है, जो इसे अन्य कॉलेजों से अलग बनाता है। यहां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सिक्योरिटी और डेटा साइंस जैसे आधुनिक कोर्स संचालित किए जा रहे हैं।

### बेहतर सुविधाओं पर प्रबंधन का जोर

बीते दिनों हुई कुछ घटनाओं से सीख लेते हुए प्रबंधन अब हॉस्टल, मेस और सुरक्षा व्यवस्थाओं को और अधिक हाईटेक और सुविधाजनक बनाने में जुट गया है। लडक़ों और लड़कियों के लिए अलग-अलग आधुनिक हॉस्टल ब्लॉक बनाए गए हैं। यूनिवर्सिटी मैनेजमेंट का कहना है कि उनकी प्राथमिकता छात्रों को विश्वस्तरीय अनुभव देना है, जिसके लिए इंफ्रास्ट्रक्चर पर लगातार काम चल रहा है।

### करोड़ों का पैकेज और शानदार प्लेसमेंट

प्लेसमेंट के मामले में वीआईटी भोपाल ने इस पूरे क्षेत्र में अपनी धाक जमा रखी है। यहां के छात्रों को वेल्लोर कैंपस के साथ मुख्य प्लेसमेंट प्रक्रिया में बैठने का मौका मिलता है, जिससे बड़ी-बड़ी कंपनियों तक उनकी पहुंच आसान हो जाती है। सत्र 2024-25 के आंकड़ों पर नजर डालें तो यहां के होनहार छात्रों को 50 लाख से लेकर 1 करोड़ रुपए तक के सालाना पैकेज ऑफर हुए हैं। माइक्रोसॉफ्ट, अमेजन, इंटेल और एडोब जैसी नामी कंपनियां यहां से हर साल प्रतिभाओं का चयन करती हैं। औसतन यहां के छात्रों को 8 से 9 लाख रुपए का पैकेज आसानी से मिल जाता है।

### पुलिस को देखते ही भगदड़ मच गई, माफिया वाहनों को लेकर भागने की कोशिश करने लगे

# कार्रवाई से रेत माफिया में मचा हड़कंप डंपर और जेसीबी सहित 6 वाहन जब्त

### खनन माफिया के लिए चारागाह बनी पार्वती नदी, खनिज विभाग के अफसर बेखबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

क्षेत्र की जीवनदायिनी कही जाने वाली पार्वती नदी इन दिनों रेत माफियाओं का चारागाह बनी हुई है। संबंधित खनिज विभाग की उदासीनता का फायदा उठाकर माफिया रात-दिन नदी का सीना छलनी कर रहे हैं। सोमवार की बीती रात अहमदपुर पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए अवैध उत्खनन में लगे आधा दर्जन वाहनों को पकडऩे में सफलता हासिल की है।

जानकारी के अनुसार अहमदपुर थाना प्रभारी और उप पुलिस अधीक्षक हेमंत पांडे सोमवार रात अपनी टीम के साथ क्षेत्र में कानून व्यवस्था का जायजा लेने के लिए रात्रि गश्त पर निकले थे। इसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि पडिय़ाला गांव के पास पार्वती नदी में अवैध रूप से रेत निकाली जा रही है, जब पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो वहां का नजारा देख दंग रह गई। अंधेरे का फायदा उठाकर माफिया धड़ल्ले से काली रेत का उत्खनन कर रहे थे।

### घेराबंदी कर पकड़े वाहन

पुलिस को देखते ही मौके पर भगदड़ मच गई। खनन माफिया अपने वाहनों को लेकर भागने की कोशिश करने लगे, लेकिन पुलिस बल ने सक्रियता दिखाते हुए उनकी घेराबंदी कर ली। कड़ी मशक्कत और जद्दोजहद के बाद पुलिस ने मौके से एक डंपर, चार ट्रैक्टर-ट्रॉली और एक जेसीबी मशीन को अपने कब्जे में लिया। इन सभी 6 वाहनों को जब्त कर अहमदपुर थाने में खड़ा करवा दिया गया है।




पुलिस ने मामले की विधिवत सूचना खनिज विभाग के अधिकारियों को दे दी है।

### खनिज विभाग पर उठे सवाल

पुलिस की इस कार्रवाई ने खनिज विभाग की भूमिका को भी कटघरे में खड़ा कर दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में लंबे समय से अवैध उत्खनन जारी है, लेकिन विभाग की चुप्पी समझ से परे है। सवाल उठ रहे हैं कि क्या विभाग को इस उत्खनन की जानकारी नहीं थी या फिर यह सब सांठगांठ से चल रहा था। अब क्षेत्र की जनता की नजरें इस बात पर टिकी हैं कि खनिज विभाग इन माफियाओं पर एफआईआर दर्ज कराता है या फिर जुर्माना लगाकर मामले को ठंडे बस्ते में डाल देता है।

### खनिज विभाग को सूचित कर दिया है

रात्रि गश्त के दौरान जब हम पडिय़ाला गांव के पास पहुंचे तो पार्वती नदी में कुछ लोग अवैध उत्खनन करते नजर आए। हमने घेराबंदी कर मौके से एक डंपर, चार ट्रैक्टर और एक जेसीबी मशीन जब्त की है। हमने खनिज विभाग को सूचित कर दिया है, अब आगे की कार्रवाई उन्हीं के निर्णय पर निर्भर है।

**हेमंत पांडे,** थाना प्रभारी अहमदपुर

### रिश्तों की हार, कानून की जीत

## जिस बेटे को पाल-पोसकर बड़ा किया, उसी से खर्चे के लिए लड़नी पड़ी कानूनी जंग

**सीहोर।** जिस मां ने अपना पूरा जीवन बेटे के भविष्य के लिए समर्पित कर दिया, आज उसी मां को दो वक्त की रोटी और सम्मान के लिए कानून का दरवाजा खटखटाना पड़ा। यह हृदयविदारक मामला शहर के लुनिया मोहल्ला गंज का है, जहां एक बुजुर्ग विधवा मां शांताबाई को अपने इकलौते बेटे से भरण-पोषण पाने के लिए एसडीएम न्यायालय की शरण लेनी पड़ी। बुजुर्ग शांताबाई का इकलौता पुत्र विनोद ग्राम गोपालपुरा में मां की ही स्वामित्व वाली भूमि पर खेती करता है। जमीन से होने वाली पूरी कमाई बेटा रख लेता है, लेकिन जिस मां ने उसे इस काबिल बनाया, उसी के भरण-पोषण से उसने पल्ला झाड़ लिया। थक हारकर बुजुर्ग मां ने माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण अधिनियम के तहत गुहार लगाई।

### एसडीएम का संवेदनशील फैसला

एसडीएम तन्मय वर्मा ने इस मामले को न केवल प्रशासनिक नजरिए से देखा, बल्कि मानवीय संवेदनाओं को प्राथमिकता दी। सुनवाई के दौरान जब बेटा अपनी जिम्मेदारी निभाने का कोई ठोस प्रमाण नहीं दे सका, तो एसडीएम न्यायालय ने मां के पक्ष में फैसला सुनाया। कोर्ट ने आदेश दिया कि बेटा हर महीने 1500 रुपए भरण-पोषण राशि सीधे मां के बैंक खाते में जमा कराएगा।

### कृषि आधारित उद्योग लगाने पर मिलेगी 50 प्रतिशत सब्सिडी

**सीहोर।** किसानों को कृषि आधारित उद्योग लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। कृषि उद्योग समागम मेला भी लगाए जा रहे हैं। कृषि आधारित उद्योग लगाने वाले किसानों को 50 प्रतिशत तक की सब्सिडी दी जाएगी। कृषि उद्योग से जुड़े रोजगार परक कारखाने बनायेंगे, जहां काम करने वाले को 5 हजार रुपये महिने भी दिये जायेंगे। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गाडरवारा में गौशाला निर्माण किए जाने और सुगम परिवहन सेवा भी उपलब्ध के अवसर पर कही।

## स्मार्ट मीटर से बिजली चोरी पर शिकंजा: एक माह में 253 अलर्ट सर्वर तक पहुंचे, जांच में जुटी विद्युत कंपनी

**सीहोर।** नगर में विद्युत वितरण कंपनी द्वारा लगाए गए स्मार्ट मीटर अब बिजली चोरी पकड़ने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं। एक माह के भीतर 253 ऐसे मामले सामने आए हैं, जहां स्मार्ट मीटर ने बिजली चोरी की सूचना सीधे कंपनी के सर्वर पर भेजी है। इसके बाद कंपनी ने उपभोक्ताओं के मीटरों की जांच शुरू कर दी है।

कंपनी ने नगर में पायलट प्रोजेक्ट के तहत स्मार्ट मीटर लगाने की शुरुआत की थी। सीहोर नगर के जोन वन में कुल 16,675 उपभोक्ताओं में से 11,568 उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। शुरुआत में इन मीटरों का काफी विरोध हुआ था, क्योंकि कई उपभोक्ताओं को आशंका थी कि इनसे बिल ज्यादा आएंगे।

### चोरी की जानकारी भेज देते हैं

हालांकि, अब इन स्मार्ट मीटरों का लाभ विद्युत वितरण कंपनी को मिलने लगा है। ये मीटर 'न्यूट्रल डिस्टरबेंस' जैसी गतिविधियों को स्वयं पहचान लेते हैं और बिजली चोरी की जानकारी तत्काल कंपनी के कंप्यूटर सर्वर पर भेज देते हैं। इससे उन उपभोक्ताओं पर नकेल कसी जा रही है जो मीटर से छेड़छाड़ कर बिजली चोरी कर रहे थे, जिससे कंपनी को राजस्व का नुकसान हो रहा था। एक माह के दौरान मिली 253 सूचनाओं के आधार पर विद्युत वितरण कंपनी अब संबंधित उपभोक्ताओं के यहां पहुंचकर जांच कर रही है और आवश्यक होने पर मीटरों की भी जांच की जा रही है। गौरतलब है कि पिछले एक साल में इसी जोन में 1,779 उपभोक्ताओं को बिजली चोरी करते पकड़ा गया था, जिनसे 94 लाख 31 हजार रुपए की वसूली की गई थी।

हालांकि मीटर की जांच होने पर उसका अतिरिक्त भार उपभोक्ता पर ही पड़ेगा। क्योंकि सामान्य मीटर की जांच के उपभोक्ताओं से 80 रुपए लिए जाते थे और स्मार्ट मीटर जांच के लिए जाएगा तो 1400 रूपए जांच के लिए जाएंगे। विद्युत वितरण कंपनी के द्वारा विद्युत वितरण कंपनी के मुख्य सर्वर पर जानकारी भेजी जा रही है, जिसमें बिजली चोरी करने वाले उपभोक्ताओं की सूचना डायरेक्ट मिल रही है। इन सूचनाओं में अधिकतर सूचना न्यूट्रल डिस्टरबेंस की हैं, जिससे स्पष्ट हो जाता है कि उपभोक्ता द्वारा बिजली चोरी की जा रही है।

कुछ उपभोक्ता ऐसे भी मिले हैं जिन्होंने सर्विस लाइन में ही कट लगाकर बिजली चोरी शुरू कर दी थी। ऐसे उपभोक्ताओं पर भी बिजली विद्युत वितरण कंपनी शिकंजा करने जा रही है विद्युत वितरण कंपनी ने अपनी जांच का दायरा भी बड़ा दिया है। एई अतुलेश सिंह ने कहा है कि न्यूट्रल डिस्टरबेंस के मैसेज से बिजली चोरी पकड़ा रही है।

### खेल संस्थान मैदान पर कलेक्टर-सीईओ ने टेबल टेनिस में चलाए शॉट्स, चम्मच दौड़ में लिया भाग

# संस्कृति और एकता का संगम है आनंद उत्सव: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला मुख्यालय के खेल संस्थान मैदान पर बुधवार को नजारा कुछ अलग ही था। मौका था जिला स्तरीय आनंद उत्सव का, जहां प्रशासन और जनता के बीच की दूरियां खत्म होती नजर आईं। कार्यक्रम में सबसे ज्यादा चर्चा जिले के आला अफसरों के खिलाड़ी अवतार की रही। दिन भर फाइलों और मीटिंग्स में व्यस्त रहने वाले कलेक्टर बालागुरू के. और जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव न केवल खिलाडिय़ों का हौसला बढ़ाने पहुंचे, बल्कि खुद भी मैदान में उतर गए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर बालागुरू ने कहा कि आनंद उत्सव महज एक आयोजन नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और एकता का संगम है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से हमारी परंपराएं जीवित रहती हैं और समाज में आपसी तालमेल बढ़ता है। खेल हमें सिर्फ सेहतमंद ही नहीं रखते, बल्कि एक-दूसरे से जुडऩा भी सिखाते हैं।





**टेबल टेनिस की मेज पर दिखाई फुर्ती :** जैसे ही कलेक्टर साहब ने हाथ में रैकेट थामा और टेबल टेनिस की मेज पर उतरे, वहां मौजूद छात्र और लोग जोश से भर गए। कलेक्टर ने किसी मंझे हुए खिलाड़ी की तरह बेहतरीन शॉट्स लगाए। उनके साथ ही जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने भी टेबल टेनिस के मुकाबले में पूरी फुर्ती दिखाई। अधिकारियों को पसीना बहाते देख युवाओं का उत्साह भी दोगुना हो गया। सीईओ यादव ने इसके बाद पारंपरिक चम्मच दौड़ में भी हिस्सा लिया, जिसे देख सभी ने खूब तालियां बजाईं।

**खेलों के साथ स्थानीय जायके का आनंद :** मैदान पर दिन भर सितोलिया, गोलाफेंक, रस्सी कूद और कुर्सी दौड़ जैसे खेलों की धूम रहीए जिसने सबकी बचपन की यादें ताजा कर दीं। खेल के साथ-साथ यहां खाने-पीने का भी खास इंतजाम था। स्वसहायता समूह की महिलाओं ने स्थानीय व्यंजनों के स्टॉल लगाए थे। कलेक्टर और सीईओ ने खुद इन स्टॉल्स पर जाकर पकवानों का स्वाद चखा और दीदियों के हुनर की जमकर तारीफ की। जिला पंचायत सीईओ ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से काम का बोझ और मानसिक तनाव कम होता है। यह पूरा आयोजन हंसी-खुशी और एकता के संदेश के साथ संपन्न हुआ।

### न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस पहुंचा, मौसम विभाग ने जताई आने वाले दिनों में तापमान गिरने की संभावना

**सीहोर।** जिले में बुधवार को न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मंगलवार को भी तापमान इतना ही रहा। इससे पहले सोमवार को न्यूनतम तापमान 14 डिग्री था, यानी दो दिनों में 3 डिग्री की गिरावट आई है। जिला मुख्यालय में मौसम साफ रहा, लेकिन नर्मदा नदी के किनारे बसे ग्रामीण इलाकों में सुबह घना कोहरा छाया रहा। कोहरे के कारण कई जगहों पर दृश्यता घटकर करीब 50 मीटर तक रह गई, जिससे सामने की चीजें भी साफ दिखाई नहीं दे रही थीं।

**फरवरी की शुरुआत में फिर बढ़ी ठंड :** फरवरी के पहले सप्ताह में जिले में एक बार फिर शीतलहर का असर देखने को मिल रहा है। सुबह और रात के समय ठंड ज्यादा महसूस की जा रही है, खासकर ग्रामीण इलाकों में। शासकीय कृषि कॉलेज स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस.एस. तोमर ने बताया कि आने वाले दिनों में न्यूनतम तापमान में और गिरावट हो सकती है। घना कोहरा भी बना रह सकता है। उन्होंने कहा कि हवा की दिशा बदलने के कारण मौसम में बार-बार बदलाव हो रहा है और आसमान में हल्के बादल भी दिखाई दे सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### संत रविदास जन्मोत्सव पर श्यामपुर में निकला चल समारोह

**सीहोर।** मंगलवार को श्यामपुर क्षेत्र में संत रविदास जंयति बडे ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। बस स्टैण्ड स्थित संत रविदास मंदिर पर बडी संख्या में अहिरवार समाज के लोग एकत्रित हुए। इस मौके पर पुरानी बस्ती से प्रांरभ होकर चल समारोह नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए रविदास मंदिर तक निकाला गया। कार्यक्रम में सीहोर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों के लोग बडी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम जनक्रांति जयभीम उत्थान संघ के तत्वाधान में आयोजित किया गया। मंच संचालन प्रदीप सरकार ने किया। रविदास मंदिर के संस्थापक सदस्य मंशाराम अहिरवार ने कहा कि समाज में बदलाव की आवश्यकता है, लोगों को कुरीतियां को छोडना होगा और महापुरुषों के संदेशों को अपनाने की जरूरत है। समाज में व्यापक स्तर पर नशामुक्ति अभियान चलाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में नर्बदाप्रसाद अहिरवार, विष्णु प्रसाद अहिरवार, अहिरवार समाज संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश अहिरवार, विनोद बडोदिया, प्रदीप सरकार, भोलाराम अहिरवार, रोहित अहिरवार, रविशंकर, मुकेश, आनंद, विक्की, रामबाबू, लक्ष्मण अहिरवार, मुकेश, आनंद, विश्राम सिंह सहित बडी संख्या में लोग शामिल हुए।

### शिविर लगाकर किया गया 1048 बच्चों का टीकाकरण



**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिलेभर में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं एवं अनेक स्थानों पर प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसके तहत शिविर लगाकर टीकाकरण के साथ ही बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती है। इसी क्रम में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के तहत जिले में 03 फरवरी को आयोजित शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 758 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 290 बच्चों का टीकाकरण किया गया। इसके साथ ही 195 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

### सर्वेयरों को नहीं मिला मानदेय, ज्ञापन में नवोदित पटवारियों को 100 प्रतिशत वेतन का मुद्दा भी उठाया गया

# पटवारी संघ ने अपनी मांगों को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, समस्याओं के समाधान की मांग

ज्ञापन में सबसे पहले जियोटैग गिरदावरी से जुड़ी समस्या को उठाया गया। संघ ने बताया कि शासन द्वारा सर्वेयरों के माध्यम से गिरदावरी कराए जाने की व्यवस्था की गई थी, लेकिन सर्वेयरों को समय पर मानदेय का भुगतान न होने के कारण वे कार्य नहीं कर रहे हैं।



हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा


मध्यप्रदेश पटवारी संघ तहसील भैरूंदा, जिला सीहोर ने पटवारी साथियों से जुड़ी विभिन्न लंबित समस्याओं के निराकरण को लेकर अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) भैरूंदा को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन प्रमुख सचिव राजस्व विभाग भोपाल एवं आयुक्त भू-संसाधन प्रबंधन ग्वालियर के नाम प्रेषित किया गया। पटवारी संघ ने कहा कि वे पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ शासन का कार्य कर रहे हैं, लेकिन लगातार बढ़ते कार्यभार और लंबित समस्याओं के कारण पटवारियों को कई व्यावहारिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। संघ ने आशा जताई कि शासन स्तर पर इन मुद्दों का शीघ्र समाधान किया जाएगा। ज्ञापन में सबसे पहले जियोटैग गिरदावरी से जुड़ी समस्या को उठाया गया। संघ ने बताया कि शासन द्वारा सर्वेयरों के माध्यम से गिरदावरी कराए जाने की व्यवस्था की गई थी, लेकिन सर्वेयरों को समय पर मानदेय का भुगतान न होने के कारण वे कार्य नहीं कर रहे हैं। ऐसे में पूरे क्षेत्र की गिरदावरी का दायित्व पटवारियों पर आ गया है। जहां एक सर्वेयर के लिए 1000 खसरे की सीमा निर्धारित है, वहीं पटवारियों को 5 से 10 हजार खसरों की गिरदावरी करनी पड़ रही है। संघ का कहना है कि इतनी बड़ी संख्या में खसरा आधारित जियोटैग गिरदावरी करना व्यवहारिक नहीं है, इसलिए ग्राम स्तर पर गिरदावरी का प्रावधान किया जाए।

फार्मर आईडी को लेकर भी पटवारी संघ ने अपनी बात रखी। संघ ने बताया कि फार्मर आईडी का कार्य सीएससी सेंटर और एमपी ऑनलाइन के माध्यम से भुगतान सहित किया जा रहा है, इसके बावजूद पटवारियों पर अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है। कई बार पोर्टल में तकनीकी खामियां होती हैं, जैसे खातेदारों का अन्य स्थान पर निवास करना, आधार से मोबाइल नंबर लिंक न होना, ओटीपी न मिलना, आईडी बनने के बाद भी खसरे पेंडिंग दिखना या कुछ खसरों का पोर्टल पर उपलब्ध न होना। संघ ने स्पष्ट किया कि इन तकनीकी कारणों के लिए पटवारियों को जिम्मेदार ठहराना उचित नहीं है और इस संबंध में की जा रही कार्रवाई बंद की जाए।

ज्ञापन में नवोदित पटवारियों को 100 प्रतिशत वेतन का मुद्दा भी उठाया गया। संघ ने बताया कि नियुक्ति के समय नवनियुक्त पटवारियों को 100 प्रतिशत वेतन देने की घोषणा की गई थी, लेकिन आज तक इसका आदेश लागू नहीं हुआ है। वहीं हाईकोर्ट जबलपुर द्वारा भी कर्मचारियों को पूर्ण वेतन देने के आदेश पारित किए जा चुके हैं। संघ ने मांग की कि सभी नवोदित पटवारियों को शीघ्र 100 प्रतिशत वेतन दिया जाए और लंबित राशि का भुगतान एरियर के रूप में किया जाए।

इसके अलावा वेतन वितरण में भत्तों की कटौती, लंबित मानदेयों का भुगतान, स्वामित्व योजना, कृषि एवं लघु सिंचाई संगणना तथा ऑनलाइन कार्यों के लिए मोबाइल फोन राशि के भुगतान की मांग भी ज्ञापन में शामिल रही। पटवारी संघ ने कहा कि यदि इन समस्याओं का समय पर समाधान किया जाता है तो कार्य व्यवस्था और अधिक सुचारु होगी। संघ को उम्मीद है कि शासन और प्रशासन इस ज्ञापन पर गंभीरता से विचार कर जल्द ही समस्याओं का समाधान करेगा।

### साइक्लोथॉन प्रतियोगिताः डॉ. अभिषेक शर्मा करेंगे माउंटेन बाइक रेस में सीहोर संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व



**सीहोर।** बसीहोर। आगामी 8 फरबरी को बैंगलोर में आयोजित होने वाली साइक्लोथॉन प्रतियोगिता में एक बार फिर शहर के होनहार युवा दंत चिकित्सक डॉ. अभिषेक शर्मा आगामी 8 फरवरी को भोपाल संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेंगे। डॉ. अभिषेक शर्मा शासकीय जिला चिकित्सालय में आरएमओ रहे स्व. डॉ. अनिल शर्मा के सुपुत्र हैं।

डॉ. अभिषेक शर्मा ने बताया कि यह प्रतियोगिता 32 किलोमीटर की माउंटेन बाइक रेस है जो एचसीएल सॉफ्टवेयर कंपनी द्वारा आयोजित की जा रही है। इसमें शामिल होना गौरव की बात है। डॉ. अभिषेक शर्मा का प्रतियोगिता में चयन होने पर सीहोर के जनप्रतिनिधि, पत्रकारगण, सामाजिक संगठन एवं शुभचिंतकों शुभकामनाऐं प्रेषित की हैं। साथ ही खेल प्रेमियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। ज्ञातव्य है कि पूर्व में भी डॉ. अभिषेक शर्मा ने चेन्नई में आयोजित साइकलोथॉन प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर शहर और जिले का नाम रोशन किया है। उन्होंने मात्र 24 मिनट 5 सेकंड में 25 किलोमीटर की दूरी पूरी कर सभी को चौंका दिया था। प्रतियोगिता में शामिल होकर डॉ. शर्मा ने न केवल अपनी फिटनेस और जुनून का परिचय दिया, बल्कि अपने साहस और गति से दर्शकों की तालियां भी बटोरीं। बताया जाता है कि उन्होंने 1 किलोमीटर की दूरी एक मिनट से भी कम समय में तय की थी। नगर के युवाओं साइकिलिंग के प्रति जागरूकता फैलाने में डॉ. अभिषेक शर्मा अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

## 3 लाख रुपए की लागत से बनने वाले स्वागत द्वार का भूमिपूजन




**भैरूंदा।** लाड़कुई मंडल के ग्राम पांचौर में बुधवार को विकास कार्यों की कड़ी में एक और कदम बढ़ाया गया। बुधनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक रमाकांत भार्गव की विधायक निधि से स्वीकृत करीब 3 लाख रुपये की लागत से बनने वाले स्वागत द्वार का विधिवत भूमिपूजन किया गया। भूमिपूजन कार्यक्रम वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ।

इस अवसर पर विधायक रमाकांत भार्गव ने कहा कि स्वागत द्वार न केवल ग्राम की पहचान बनेगा, बल्कि गांव के विकास और आत्मसम्मान का प्रतीक भी होगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के हर गांव में बुनियादी सुविधाओं के साथ-साथ सौंदर्यीकरण और पहचान से जुड़े कार्य कराए जा रहे हैं, ताकि ग्रामीणों को अपने गांव पर गर्व महसूस हो।

कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन मीणा, ग्राम पंचायत पांचौर के सरपंच मोहन सरियाम, मंडल उपाध्यक्ष अरविंद मंडलोई, मंडल महामंत्री धर्मेंद्र उईके, मंडल उपाध्यक्ष हरिओम प्रजापति, पूर्व सरपंच ओमप्रकाश सोनिया सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने भूमिपूजन में सहभागिता कर कार्य की शीघ्र शुरुआत और गुणवत्ता पूर्ण निर्माण की अपेक्षा जताई। ग्रामीणों ने विधायक रमाकांत भार्गव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लंबे समय से गांव में स्वागत द्वार की आवश्यकता महसूस की जा रही थी, जो अब पूरी होने जा रही है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनों ने विकास कार्यों को गति देने की बात कही और ग्राम के सर्वांगीण विकास के लिए सहयोग का संकल्प लिया।

## मुनि विनंद सागर महाराज का ससंघ हुआ मंगल प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



दिगम्बर जैन संत आचार्य विनम्र सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य पूज्य मुनि विनंदसागर महाराज ससंघ का भोपाल से आगमन हुआ प्रातः मंगल प्रवेश सेकड़ाखेड़ी पंहुचकर श्रध्दालुओ ने भव्य अगवानी मे पद प्रच्छालन कर मुनि श्री से आशीर्वाद प्राप्त किया । तत्पश्चात मुनिश्री ससंघ को शोभायात्रा मे बैंड बाजो के साथ श्रध्दालु भजन कीर्तन करते हुए चल रहे थे । मुनिश्री के अनेक स्थानो पर श्रध्दालुओ ने पद प्रच्छालन कर आशीर्वाद प्राप्त किया ।

शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर स्थित छावनी पंहुची जंहा धर्म सभा मे मुनिश्री विनंदसागर ने प्रवचन के दौरान श्रावक श्राविकाओ को संबोधित करते हुए कहां कि सिध्दपुर नगरी सीहोर मे तीसरी बार प्रवास हुआ है । यहां श्रध्दालुओ मे धर्म प्रभावना अच्छी है । लेकिन पहले से अधिक जाग्रति श्रध्दालुओ मे देखने को मिली मुनिश्री ने बताया कि यह प्रभाव इस वर्ष हुए मुनिश्री अक्षय सागर जी महाराज के चतुर्मास मे सानिध्य का है । क्यो कि जब जब गुरुओ का सत्संग लाभ प्राप्त होता है तब लोगो मे धर्म के प्रति जाग्रति और रुचि अधिक उत्पन्न होती है और जिस समाज मे गुरुओ का आना नही होता अर्थात उनका सत्संग लाभ नहीं मिलता उस समाज की युवा पीढी धर्म से विमुख, शिष्टाचार एवं नैतिकता से रहित अनैतिक जीवन जीती है, जो किसी भी देश व समाज के लिए हितकारी नहीं है । हमें समय समय पर गुरुओ का सानिध्य प्राप्त कर अपने और अपने बच्चो के अंदर संस्कारो की वृध्दि करने का पुरुषार्थ अवश्य करना चाहिए। तत्पश्चात मुनिश्री ससंघ कि आहार चर्या विधी विधान से श्रध्दालुओ ने संपन्न कर धर्म लाभ अर्जित किया । दोपहर मे स्वाध्याय धार्मिक शिक्षण कक्षा मे श्रध्दालुओ ने ज्ञानार्जन कर धर्म लाभ अर्जित किया । संध्या को गुरु भक्ति संगीतमय भजन कीर्तन कर श्रध्दालुओ ने भगवान का स्मरण किया।

## बाल विकास के प्रति व्याप्त भ्रांतियों के बारे में किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले के ग्राम मुगिशपुर आंगनबाड़ी केंद्र में नयी दिशा संस्था द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत संचालित सारथी परियोजना के तहत सामुदायिक जागरूकता सत्र आयोजित किया गया।

इस दौरान संस्था की टीम द्वारा बच्चे के जन्म के प्रथम दो वर्षों में होने वाले विकास के महत्व के प्रति माता-पिता को जागरूक किया गया। इसके साथ ही यदि विकासात्मक देरी एवं शीघ्र हस्तक्षेप के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई, ताकि शीघ्र हस्तक्षेप से भविष्य में होने वाली दिव्यांगता की संभावना को रोका जा सके। जागरूकता सत्र में बच्चों की वृद्धि, विकास, प्रारंभिक देखभाल, देरी की पहचान, रोकथाम, पोषण, खेल-सीखना तथा



इससे जुड़े भ्रमों पर विस्तृत चर्चा की गई और माताओं को जागरूक किया गया। आयोजन सत्र के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अर्चना, पंचायत सचिव मानसिंह सहित महिलाएँ, बच्चे, गर्भवती-धात्री माताएँ, दादियाँ-नानियाँ और नई दिशा की टीम उपस्थित थीं।

## पुलिस ने 16 वर्षीय नाबालिग बालिका के अपहरण का आरोपी किया गिरफ्तार, कोर्ट से जेल भेजा गया

**भैरुंदा।** थाना भैरुंदा पुलिस ने नाबालिग बालिका के अपहरण के गंभीर मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस ने अपहृत 16 वर्षीय बालिका को भी सुरक्षित दस्तयाब कर उसके परिजनों के सुपुर्द किया है।



मामले के अनुसार, दिनांक 9 जनवरी 2026 को फरियादी ने थाना भैरुंदा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी 15 वर्षीय छोटी बहन 8 जनवरी की रात बिना बताए घर से कहीं चली गई है। परिजनों द्वारा आसपास और रिश्तेदारी में काफी तलाश के बावजूद बालिका का कोई सुराग नहीं लग पाया। रिपोर्ट में आशंका जताई गई थी कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाया गया है। इस पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 19/2026, धारा 137(2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की।

**वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में गठित हुई टीम :** मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सीहोर दीपक कुमार शुक्ला के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत एवं एसडीओपी रोशन कुमार जैन के मार्गदर्शन में, थाना प्रभारी निरीक्षक घनश्याम दांगी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। जांच के दौरान सामने आया कि आरोपी पूर्व में भी बालिका को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जा चुका था। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस टीम ने मुखबिर तंत्र और साइबर सेल की मदद से 3 फरवरी 2026 को कार्रवाई करते हुए आरोपी हल्लू अहिरवार (21) पिता दुर्जन अहिरवार, निवासी ग्राम सियरमऊ, थाना सिलवानी, जिला रायसेन को दबोच लिया। आरोपी के कब्जे से नाबालिग बालिका को सुरक्षित दस्तयाब किया गया।

### यातायात नियमों का पालन करने की सलाह दी, विचार और सुझाव मांगे

# अलीपुर टंट्या भील समिति की बैठकः बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य सुधार पर हुआ जनसंवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

ग्राम पंचायत अलीपुर में टंट्या भील समिति द्वारा बच्चों की शिक्षा को सुदृढ़ बनाने, स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार लाने तथा ग्रामीणों को समय पर उचित उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित जनसंवाद में बड़ी संख्या में युवाओं और ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा अपने विचार और सुझाव साझा किए।




बैठक में वक्ता जगन बारेला ने शासन द्वारा संचालित योजनाओं का समय-समय पर लाभ लेने के लिए आवश्यक दस्तावेजों को अद्यतन रखने की अपील की। वहीं राज बारेला ने ग्रामीणों को शराब का सेवन कर वाहन चलाने से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं के प्रति जागरूक करते हुए यातायात नियमों का पालन करने की सलाह दी, ताकि दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। अन्य वक्ताओं ने समाजहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने विचार रखे। बैठक शांतिपूर्ण एवं सकारात्मक वातावरण में संपन्न हुई। बैठक के दौरान वक्ताओं ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि बच्चों की बेहतर शिक्षा ही समाज और क्षेत्र के उज्ज्वल भविष्य की नींव है। युवाओं ने प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने, गांव स्तर पर नियमित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने, समय पर जांच और उपचार सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

युवाओं ने स्वास्थ्य विभाग से समय-समय पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने की मांग भी की, ताकि उन्हें छोटे-मोटे इलाज के लिए दूर-दराज के अस्पतालों में भटकना न पड़े। बैठक में शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सामूहिक प्रयास करने का संकल्प लिया गया। साथ ही संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों पर भी चर्चा की गई।

इस अवसर पर जगन बारेला, राज बारेला, खुशीलाल बारेला, देवीसिंह बारेला सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण युवा उपस्थित रहे।

### युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर के प्रथम नगर आगमन पर कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

**सीहोर ।** मंगलवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा के ऊर्जावान प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर के प्रथम नगर आगमन पर भारतीय जनता युवा मोर्चा नगर मंडल सीहोर द्वारा गर्म जोशी के साथ जोरदार स्वागत किया



गया साथ ही नगर मंडल के द्वारा श्री सत्य साईं यूनिवर्सिटी में केंद्र शासन द्वारा प्रदर्शित बजट के ऊपर एक युवा संवाद का आयोजन किया गया जिसमें अधिक संख्या में विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस युवा संवाद में अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाडा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव सन्नी महाजन, भाजपा सीहोर नगर मंडल अध्यक्ष सुदीप सम्राट, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र पाटीदार रहे। स्वागत कार्यक्रम में युवा मोर्चा नगर मंडल अध्यक्ष सुनील राय, समीर सेन ,विशाल पाटीदार ,राहुल राठौर ,तुसार सोनी ,विशाल परमार ,योगेश कुशवहा ,देव राय सहित हजारों युवा एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मेरे पक्षकार विकास यादव आत्मज श्री नेमीचंद यादव निवासी छः घरा बुदनी, तहसील जिला सीहोर के द्वारा वार्ड नंबर 07 न्यू कॉलोनी बुदनी जिला सीहोर में स्थित एक आवासीय भूखण्ड पर निर्मित भवन जो नगर परिषद् बुदनी के अभिलेख में ऋषि यादव आत्मज भागीरथ एवं याशिका पुत्री ऋषि यादव निवासी बुदनी, जिला सीहोर के नाम दर्ज को क्रय करने का अनुबंध किया है जिसकी रजिस्ट्री दिनांक सुचना प्रकाशन के 15 दिवस के पश्चात की जावेगी इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, शासकीय, अर्ध-शासकीय, वित्तीय संस्थाओं को यदि किसी तरह की कोई आपत्ति हो तो वह सूचना के प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर उपरोक्त वर्णित भवन से संबंधित दस्तावेजों सहित आपत्ति मेरे अथवा मेरे पक्षकार के उपरोक्त वर्णित कार्यालय में पेश करें 15 दिवस पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी अतः उपरोक्तनुसार सूचना जाने।

भवदीय, **कैलाश सिंह चौहान,**
अधिवक्ता सीहोर,
मो. 9993185587

## एडिशनल एसपी ने प्रेस कान्फ्रेंस में किया खुलासा, आरोपियों से माल भी जब्त

# पुलिस के हत्थे चढ़े ठगी और हाईवे पर लूट के शातिर अपराधी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भोले-भाले लोगों को तरह-तरह से झांसे में लेकर ठगी के नित नए मामले सामने आ रहे हैं। हालांकि, पुलिस भी ऐसे मामलों को गंभीरता से लेते हुए अपने पुख्ता मुखबिर तंत्र, तकनीकी विश्लेषण सहित अन्य माध्यमों से अपराधों का जल्द पड़ताल कर रही है। विगत दिनों जिले के पचोर शहर में झाड़फूंक से इलाज करने के नाम पर एक व्यक्ति के साथ हुई करीब 2 लाख 50 हजार रुपए की ठगी का पुलिस ने खुलासा किया है। इसके साथ ही हाईवे पर हुई लूट के एक अन्य मामले पर से भी पुलिस ने पर्दा उठाया है। एडिशनल एसपी केएल बंजारे ने मंगलवार दोपहर स्थानीय पुलिस कन्ट्रोल रूम में आयोजित एक प्रेसवार्ता में दोनों मामलों पर विस्तार से जानकारी प्रदान की।

### मानसिक कमजोरी का फायदा उठाकर लेता था झांसे में

गत 30 जनवरी को पचोर में जीतेंद्र सिलावट निवासी इंदौर झाड़फूंक से बीमारी ठीक करने का झांसा देते हुए अज्ञात आरोपी ने 2 लाख 50 हजार रुपए ठग लिए थे। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में बनी टीम ने घटना के महज पांच दिनों में ठगी को अंजाम देने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से ठगी की पूरी राशि भी जब्त कर ली गई है। एडिशनल एसपी बंजारे ने बताया कि हमारी टीम ने अपने मुखबिरों, तकनीकी एवं भौतिक साक्ष्यों के आधार पर आरोपी आनंद पिता जगदीश बैरागी को इंदौर से धर-दबोचा। आरोपी आनंद बस स्टैंड सार्वजनिक स्थानों पर अकेले व्यक्तियों को चिन्हित करता और उनकी मानसिक कमजोरी का फायदा उठाकर उन्हें ऐसे झांसे में लेता था कि भ्रमित व्यक्ति तत्काल उसकी बातों में आ जाया करते थे। आरोपी के पास से ठगी गई पूरी नकद राशि व घटना में प्रयुक्त कार को भी जब्त कर लिया गया है।

### हाईवे पर लूट के आरोपी भी धराए

गत दिवस ब्यावरा-भोपाल हाईवे पर कार सवार के साथ हुई लूट के आरोपियों को भी पुलिस ने धर-दबोचा है। पुलिस ने बताया कि 24 जनवरी को गोपाल यादव निवासी ग्राम खानपुरा अपनी कार से भोपाल जा रहे थे। इस दौरान तीजबड़ली के नजदीक 3 अज्ञात व्यक्तियों ने कार रुकवाई। गोपाल यादव कुछ समझ पाते इसके पहले लुटेरों ने उनकी आंख में मिर्च डाल दी। इस मामले में भी सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल टेकिंग के जरिए पुलिस आरोपियों तक पहुंच गई। इस वारदात को राजस्थान के इकलेरा क्षेत्र निवासी संजय मीणा, रजीत मीणा और जीतमल मीणा ने अंजाम दिया था।

## खिलचीपुर क्षेत्र के स्कूल, आंगनबाड़ियों का किया निरीक्षण

# जिपं सीईओ ने खुद चखकर जांची मिड-डे मील की गुणवत्ता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

स्कूलों में बच्चों को गुणवत्ताहीन भोजन प्रदाय करने, शिक्षकों के नदारत रहने, आंगनबाड़ियों के अक्सर बंद रहने की लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जिला पंचायत सीईओ ने मंगलवार दोपहर खिलचीपुर क्षेत्र के कुछ स्कूलों, आंगनबाड़ियों एवं जनपद कार्यालय का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान गढ़पाले सुबह 10 बजे जनपद कार्यालय पहुंचे जहां कुछ कर्मचारियों के अनुपस्थित रहने पर उनका आधे दिन का वेतन काटने के निर्देश प्रदान किए। घोघटपुर स्कूल पहुंचने पर उन्होंने बच्चों के साथ भेंटकर भोजन करते हुए मिड-डे मील की क्वालिटी चेक की। हालांकि, प्रदाय भोजन गुणवत्तापूर्ण पाया गया। इसी कड़ी में जिला पंचायत सीईओ शासकीय प्राथमिक विद्यालय कुंवरजी की बड़ली जैतपुराकलां पहुंचे जहां एक शिक्षक के अनुपस्थित मिलने पर उन्होंने कार्यवाही हेतु शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। ग्राम घोघटपुरा के निरीक्षण में व्यवस्थित शमशान घाट पर उन्होंने पंचायत के जिम्मेदारों की प्रशंसा की।

### लापरवाहों को नोटिस जारी करने के निर्देश

घोघटपुर गांव में निरीक्षण में आंगनवाड़ी व्यवस्था भी संतोषप्रद नहीं पाई गई। निरीक्षण के दौरान स्थानीय ग्रामीणों से चर्चा में ज्ञात हुआ कि स्वास्थ्य व्यवस्थाएं ठीक नहीं है और प्रसूताओं को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। गढ़पाले ने इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए जिम्मेदार अधिकारियों, कर्मचारियों को कारण बताओ सूचना-पत्र जारी करने के निर्देश प्रदान किए। उन्होंने जल सरंचना स्टाप डेम का भी निरीक्षण किया।

## हालाहेड़ी गांव का मामला

# स्कूल परिसर में कब्जा, शिकायत लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे ग्रामीण




**राजगढ़।** जिले में सरकारी जमीनों पर लगातार कब्जे किए जा रहे हैं। ताजा मामले में ब्यावरा जनपद की ग्राम पंचायत भूरा के ग्राम हालाहेड़ी स्थित सरकारी स्कूल परिसर में ही गांव के कुछ लोगों ने अवैध तरीके से कब्जा कर लिया है। ग्रामीणों द्वारा इस बारे में ब्यावरा जनपद एवं तहसील में गुहार लगाने के बाद भी जब शिकायत का हल नहीं निकला तो कई ग्रामीण मंगलवार को कलेक्टोरेट पहुंचे जहां एसडीएम निधि भारद्धाज को उन्होंने अवैध कब्जे संबंधी पूरी जानकारी प्रदान की। ग्रामीणों ने बताया कि हालाहेड़ी के ही कुछ व्यक्तियों द्वारा अपने खेतों की बागड़ स्कूल के अंदर तक पहुंचा दी गई है। स्कूल के लिए करीब 4 बीघा जमीन आबंटित है लेकिन बेजा कब्जे के चलते महज एक बीघा जमीन ही रह गई है। ऐसे में विद्यालय की खेल-कूद गतिविधियां भी प्रभावित हो रही हैं। इसके साथ ही खाली जगह पर कभी-कभार जो सामाजिक, धार्मिक या अन्य आयोजन कर लिया करते थे, वे भी अवैध कब्जों के कारण नहीं हो पा रहे हैं।

### एसडीएम ने दिया निराकरण का आश्वासन

ग्रामीणों ने मांग रखी कि स्कूल की जमीन का सीमांकन करवाते हुए बेजा अतिक्रमण को तुरंत हटवाते हुए परिसर के आसपास बाउन्ड्रीवाल करवा दी जाए। ग्रामीणों की शिकायत पर एसडीएम भारद्धाज ने ब्यावरा क्षेत्र के राजस्व अधिकारियों से बात कर समस्या के शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया।

## पिता की स्मृति में श्मशान चबूतरे का कराया निर्माण



**नरसिंहगढ़।** नगर के व्यवसायी अरविंद साहू ने अपने पिता बद्रीलाल साहू की स्मृति में थावरिया स्थित मुक्तिधाम में श्मशान चबूतरे का निर्माण करवाकर सराहनीय पहल की है। यह कार्य उनके पिता की अंतिम इच्छा और पूर्व में की गई घोषणा के अनुरूप पूरा किया गया। स्व. बद्रीलाल साहू ने अपने जीवनकाल में मुक्तिधाम के विकास हेतु सहयोग राशि देने की घोषणा की थी, लेकिन उनके निधन के बाद यह संकल्प अधूरा रह गया था। पिता की उसी भावना को आगे बढ़ाते हुए उनके पुत्र अरविंद साहू ने मुक्तिधाम में चबूतरे का निर्माण करवा कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्य न केवल श्रद्धांजलि का माध्यम बनते हैं, बल्कि समाज के लिए स्थायी उपयोगी संरचनाएँ भी तैयार करते हैं। मुक्तिधाम में बने इस चबूतरे से अंतिम संस्कार के दौरान आने वाले लोगों को सुविधा मिलेगी।

# सारंगपुर में 45 हजार से अधिक मतदाताओं को एसआईआर नोटिस, हड़कंप मचा

## एसडीएम बोले - घबराने की जरूरत नहीं, दस्तावेज सत्यापन से अपडेट होंगे नाम

**सारंगपुर।** विधानसभा क्षेत्र सारंगपुर में 45 हजार से अधिक मतदाताओं को एसआईआर के नोटिस मिलने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। नोटिस मिलते ही खासतौर पर नए मतदाताओं में अपना नाम मतदाता सूची से कटने का डर सताने लगा। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लोग मतदान केंद्रों, जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक कार्यालयों में जानकारी लेने पहुंचने लगे। हालांकि प्रशासन ने साफ किया है कि यह घबराने का विषय नहीं है और यह दस्तावेज सत्यापन की नियमित प्रक्रिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह नोटिस पिछली बार की मतदाता सूची के पुनरीक्षण के दौरान सामने आई विसंगतियों के आधार पर जारी किए गए हैं। कई मतदाताओं के नाम उनके माता-पिता के नाम से मेल नहीं खा रहे हैं, जबकि कुछ मामलों में गणना पत्र (एन्यूमरेशन फॉर्म) में दर्शाए गए विवरण और दस्तावेजों में अंतर पाया गया है। इन्हीं तकनीकी कारणों के चलते चुनाव आयोग के निर्देश पर एसआईआर के तहत नोटिस जारी किए गए हैं।

मामले में सारंगपुर एसडीएम रोहित बम्होंरे ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि इसे लेकर किसी भी प्रकार की घबराहट की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने बताया कि सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र में कुल 2 लाख से अधिक पंजीकृत मतदाता हैं, जिनमें से करीब 45 हजार मतदाता नए हैं। इन्हीं नए मतदाताओं को प्राथमिक रूप से सत्यापन के लिए नोटिस जारी किए गए हैं।




एसडीएम ने बताया कि संबंधित मतदाताओं को अपने निर्धारित मतदान केंद्र पर जाकर आधार कार्ड, शैक्षणिक मार्कशीट, पासपोर्ट अथवा अन्य वैध पहचान दस्तावेजों के माध्यम से वेरिफिकेशन कराना होगा। दस्तावेजों का सत्यापन होते ही मतदाता सूची में नाम अपडेट कर दिया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि बिना उचित जांच और प्रक्रिया के किसी भी मतदाता का नाम सूची से नहीं हटाया जाएगा।सोमवार से जैसे ही नोटिसों का वितरण शुरू हुआ, क्षेत्र में नाम कटने की आशंका से अफरा-तफरी का माहौल बन गया था। हालांकि एसडीएम द्वारा जारी अपील और प्रशासन की ओर से दी जा रही जानकारी के बाद अब लोगों में धीरे-धीरे संतोष की स्थिति बन रही है। प्रशासन ने सभी मतदाताओं से अपील की है कि समय रहते अपने दस्तावेजों का सत्यापन कराकर प्रक्रिया पूरी करें, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

# सारंगपुर के बेटे ने रचा इतिहास, 21 वर्ष की उम्र में बने कमर्शियल पायलट



**सारंगपुर।** छोटे शहर से निकलकर आसमान तक पहुंचने का सपना सारंगपुर के मोहम्मद मुदस्सिर मंसूरी ने महज 21 वर्ष की उम्र में साकार कर दिखाया। पिता मुबारिक मंसूरी (शासकीय शिक्षक) के पुत्र मोहम्मद मुदस्सिर मंसूरी ने 200 घंटे की उड़ान पूरी कर कमर्शियल पायलट का लाइसेंस प्राप्त किया है। मोहम्मद मुदस्सिर ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा सेंट जॉर्ज कॉन्वेंट स्कूल, सारंगपुर से प्राप्त की। बचपन से ही उन्हें विमानों और उड़ान के प्रति गहरा लगाव था, जो आगे चलकर उनके जीवन का लक्ष्य बन गया। स्कूली शिक्षा के बाद वे कोटा गए, जहाँ उन्होंने पिता की इच्छा अनुसार जेईई की तैयारी शुरू की। हालांकि, मन में पायलट बनने का सपना हमेशा जीवित रहा। गहन आत्ममंथन और परिवार से चर्चा के बाद उन्होंने जेईई की तैयारी छोड़कर एविएशन के क्षेत्र में कैरियर बनाने का साहसिक निर्णय लिया। इसके बाद उन्होंने डीजीसीए की सभी आवश्यक परीक्षाएं पहले ही प्रयास में उत्तीर्ण कीं, जो उनके आत्मविश्वास के लिए एक महत्वपूर्ण माइलस्टोन साबित हुआ। उन्होंने भारत की प्रतिष्ठित फ्लाइंग अकादमी रेडबर्ड एविएशन से अपनी फ्लाइट ट्रेनिंग पूर्ण की। ट्रेनिंग के दौरान कई तकनीकी और मानसिक चुनौतियां सामने आईं, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी। निरंतर अभ्यास, अनुशासन और मेहनत के बल पर वे अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते रहे।

## इंडियन नेवी की ट्रेनिंग पूरी कर लौटने पर गौरव का किया स्वागत



**तलेन।** गौरव पिता संदीप कुंभकार ने इंडियन नेवी से ट्रेनिंग पूरी कर नगर में लौटने पर नगर के वरिष्ठ प्रतिनिधियों और नागरिकों द्वारा आतिशबाजी, ढोल- धमाके ,पुष्प मालाओं से स्वागत किया और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। गौरव कुंभकार तलेन के माटी के लाल ने देश नगर एवं परिवार का नाम रोशन किया गौरव के पिता एक प्राइवेट स्कूल प्राइमरी में पढ़ते हैं ऐसी विषम स्थिति में बच्चों को पढ़कर उन्होंने देश के प्रति सेवा में भेजा।

# प्रदेशाध्यक्ष ने किया जाटव समाज की 64 सदस्यी प्रदेश स्तरीय कार्यकारिणी का गठन



**ब्यावरा।** जाटव (बृजवासी) समाज कल्याण संघ चौरासी की प्रदेश स्तरीय समिति के चुनाव के बाद रविवार को प्रदेश अध्यक्ष कैलाश चंद्र पंडाजी ने अपनी प्रदेश स्तरीय कार्यकारिणी का गठन किया गया। राजगढ़ के कालाखेत स्थित माता मंदिर परिसर में नवीन कार्यकारिणी का शपथ विधि समारोह आयोजित किया गया। इसमें सभी पदाधिकारियों को प्रदेश कार्य समिति के नियुक्त प्रत्र प्रदान कर फूल-मालाओं एवं साफा पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया। वहीं समाज के निर्वाचन अधिकारी भागीरथ प्रसाद मलोनिया द्वारा मौजूद सभी पदाधिकारियों को समाज के प्रति निष्ठा पूर्वक ईमानदारी से समाज हित में कार्य करने और समाज को अग्रसर आगे ले जाने सहित समाज को एकजुट करने की शपथ दिलाई। सहभोज के बाद समारोह का समापन हुआ। इस मौके पर बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी एवं गणमान्य समाजबंधु मौजूद रहे। प्रदेश मीडिया प्रभारी लक्ष्मीनारायण पवैया ब्यावरा एवं नरेंद्र सोनवाल गुना बताया कि 14 दिसंबर 25 को करनवास में प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव हुए थे। इसके बाद नई कार्यकारिणी का गठन 11 जनवरी को राजगढ़ में आयोजित संयुक्त बैठक में निर्वाचन अधिकारी व निर्वाचित अध्यक्ष द्वारा सर्वसहमति से निर्णय लिया था। अंत में प्रदेश पदाधिकारियों ने ली शपथ शपथ विधि समारोह में प्रदेशाध्यक्ष कैलाश जाटव सहित निर्वाचन अधिकारी एवं संरक्षक शंकरलाल पटेल भोपाल, भागीरथ प्रसाद मलोनिया, शिवनारायण करनवास, उपाध्यक्ष दुर्गाप्रसाद जाटव, सुरेश सोनगिरा, पुरुषोत्म जाटव लश्करपुर, अनोखीलाल कोटिया कुरावर, रमेश निगोतिया बरखेड़ी एवं सचिव देवेंद्र विजयपुरिया, सह सचिव गजेंद्र बंशीवाल, कोषाध्यक्ष गोकुलप्रसाद जाटव राजगढ, कार्यालय सचिव सचिन जाटव करनवास चार महासचिव, 11 महामंत्री, 9 संगठन मंत्री, 3 संयुक्त सचिव, 3 प्रवक्ता सहित 64 पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई।

## भादाहेड़ी में अंबेडकर प्रतिमा की खंडित, अज्ञात पर एफआईआर

**राजगढ़।** खिलचीपुर थानाक्षेत्र के भादाहेड़ी गांव में मंगलवार शाम संविधान निर्माता बाबा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को खंडित करने का मामला सामने आया है। प्रतिमा खंडित देख आक्रोशित ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को इत्तिला दी। मामले में फिलहाल अज्ञात व्यक्ति पर मुकदमा दर्ज करते हुए आगे की तफ्तीश जारी है। जानकारी के अनुसार मंगलवार शाम भादाहेड़ी ग्राम में बाबा साहब की प्रतिमा का कान टूटा हुआ दिखा। मामले की जानकारी लगने पर टीआई उमाशंकर मुकाती टीम सहित मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल की। पुलिस ने मामले में अज्ञात व्यक्ति पर एफआईआर दर्ज करते हुए प्रकरण विवेचना में लिया है।

# प्रवेश-पत्र में दर्ज क्यूआर कोड खोलेगा परीक्षार्थी की पूरी कुंडली

## अनिल की जगह सुनील परीक्षा देने पहुंचा तो तुरंत आएगा पकड़

**राजगढ़।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आगामी 10 फरवरी से बोर्ड परीक्षाओं का आगाज किया जा रहा है। गत वर्ष प्रदेश के ग्वालियर, मुरैना सहित अन्य जिलों में सामने आए नकल प्रकरणों को देखते हुए इस बार की परीक्षाओं को तकनीकी रूप से लीकपूफ बनाने मंडल द्वारा कुछ नए प्रयास किए जा रहे हैं। इसके तहत प्रत्येक परीक्षार्थी के प्रवेश-पत्र पर क्यूआर कोड भी अंकित रहेगा। इस क्यूआर कोड को स्कैन करते ही संबंधित परीक्षार्थी की पूरी पहचान जैसे फोटो, नाम, पिता का नाम, जन्मतिथि सहित अन्य आवश्यक जानकारी केंद्राध्यक्ष या सहायक केंद्राध्यक्ष के सामने आ जाएगी। अगर मूल परीक्षार्थी के स्थान पर कोई दूसरा परीक्षार्थी परीक्षा देने पहुंचा तो बारकोर्ड के जरिए उसकी पूरी पहचान उजागर हो जाएगी और फर्जीवाडे.पर काफी हद तक रोक लगेगी।

**नियमित, स्वाध्यायी सभी के एडमिट कार्ड में रहेगा अंकित:** मुख्यालय स्थित उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य एवं सहायक नोडल अधिकारी (परीक्षा) महेश गुप्ता ने बताया कि उक्त क्यूआर कोड न केवल नियमित बल्कि स्वाध्यायी परीक्षार्थियों के प्रवेश-पत्र पर भी अंकित रहेगा। माध्यमिक शिक्षा मंडल के दिशा-निर्देशों के अनुरूप ही जिले में बोर्ड परीक्षा संबंधी तैयारियां की जा चुकी हैं। गुप्ता ने बताया कि आगामी इसी कड़ी में 6 फरवरी को उत्कृष्ट विद्यालय राजगढ़ से जिले के प्रत्येक परीक्षा केंद्र के लिए पूरी गोपनीयता के साथ परीक्षा सामग्री का वितरण करवाया जाएगा। गा। परीक्षा केंद्रों से आए केंद्राध्यक्ष, सहायक केंद्राध्यक्ष व टीम को परीक्षाओं से संबंधित सभी सामग्री प्रदान की जाएगी। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष नियमित एवं स्वाध्यायी जोड़कर कुल 34 हजार 866 बच्चे बोर्ड परीक्षाएं देंगे।

# परमात्मा शिव के अवतरण व विश्व कल्याण के कर्तव्य का यादगार पर्व है महाशिवरात्रि



**ब्यावरा।** महाशिवरात्रि के आगामी पर्व का आगाज करते हुए ब्रह्मकुमारीज के शहिद कॉलोनी ब्यावरा सेवाकेंद्र पर शिवरात्रि महोत्सव के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंत्री नारायण सिंह पंवार, राजयोगिनी मधु दीदी जिला प्रभारी राजगढ़, पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी, जनपद अध्यक्ष राधा देवी, समाजसेवी डॉक्टर कैलाश मिश्रा, एडवोकेट चंद्रकांत त्रिपाठी , ब्यावरा सेवाकेंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी लक्ष्मी दीदी।

कार्यक्रम की शुरुआत शिव की पूजा एवं दीप प्रज्वलित के साथ की गई। राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार ने बताया शिवरात्रि की सबको शुभकामनाएं दी और बताया कि यह नवनिर्मित सेवाकेंद्र न केवल यहां के नियमित सदस्यों के लिए अपितु मोहनीपुरा ग्रामवासियों, ब्यावरा वासियों के लिए नवचेतना और आध्यात्मिक सशक्तिकरण का कार्य करेगा। रामचंद्र दांगी ने कहा कि आज का मानव स्वयं के लिए समय के न होने का तर्क देता है लेकिन में असल में अपने समय को व्यर्थ बातों में गंवाता रहता है। लेकिन हमें प्रति दिन एक घंटा अपने लिए देना चाहिए जिससे सकारात्मक ऊर्जा हमें मिलती रहे।

## लंबे समय से बंद पुल को लेकर समाधान की दिशा में पहल

# मुख्यमंत्री से मिले विधायक, पार्वती पुल के पुनर्निर्माण को बजट में शामिल करने का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

क्षेत्र की महत्वपूर्ण पार्वती पुल की समस्या को लेकर एक बार फिर सकारात्मक पहल सामने आई है। लंबे समय से क्षतिग्रस्त एवं बंद पड़े पार्वती पुल के पुनर्निर्माण को लेकर क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा ने मंगलवार को भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात कर चर्चा की। विधायक ने पुल की वर्तमान स्थिति से मुख्यमंत्री को अवगत कराते हुए इससे उत्पन्न हो रही जनसमस्याओं की जानकारी दी। विधायक मोहन शर्मा ने बताया कि लगभग 50 वर्ष पुराना पार्वती पुल जर्जर अवस्था में पहुंच चुका है, जिसके चलते बीते एक वर्ष से इसे आवागमन के लिए बंद कर दिया गया है।

पुल बंद होने से नरसिंहगढ़ का संपर्क रुनाहा, नजीराबाद, बैरासिया सहित आसपास के अनेक ग्रामीण क्षेत्रों से प्रभावित हुआ है।



इससे क्षेत्र के नागरिकों को वैकल्पिक मार्गों से आवागमन करना पड़ रहा है, जिससे समय और संसाधनों की अतिरिक्त खपत हो रही है। पुल के बंद होने का असर आमजन के साथ-साथ विद्यार्थियों, किसानों और व्यापारियों पर भी पड़ा है। विद्यार्थियों को शिक्षण संस्थानों तक पहुंचने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, वहीं किसानों को अपनी कृषि उपज मंडियों तक ले जाने में असुविधा हो रही है। व्यापारिक गतिविधियों पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव देखने को मिल रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विधायक द्वारा रखी गई बातों को गंभीरता से सुनते हुए समस्या की संवेदनशीलता को स्वीकार किया। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि पार्वती पुल के पुनर्निर्माण को इसी बजट में शामिल किया जाएगा, ताकि आवश्यक स्वीकृति के बाद निर्माण प्रक्रिया प्रारंभ की जा सके। मुख्यमंत्री के इस आश्वासन के बाद क्षेत्र में समाधान को लेकर सकारात्मक वातावरण बना है। उल्लेखनीय है कि पार्वती पुल की स्थिति को लेकर पूर्व में भी जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों द्वारा विभिन्न स्तरों पर ज्ञापन सौंपे गए हैं और लगातार इस विषय को उठाया जाता रहा है। क्षेत्रीय स्तर पर किए गए प्रयासों के बाद अब मुख्यमंत्री स्तर पर चर्चा होने से समाधान की दिशा में ठोस कदम उठने की संभावना बनी है।

मुलाकात के दौरान हाल ही में मुख्यमंत्री के नरसिंहगढ़ दौरे के समय सार्वजनिक सभा में की गई घोषणाओं पर भी चर्चा की गई। इनमें बड़े महादेव को महाकाल लोक की तर्ज पर विकसित करने, नगर के प्रमुख मार्गों पर स्वागत द्वार निर्माण तथा अन्य विकास संबंधी घोषणाएं शामिल रहीं। विधायक ने इन घोषणाओं के शीघ्र क्रियान्वयन की अपेक्षा भी मुख्यमंत्री के समक्ष रखी। क्षेत्रवासियों ने उम्मीद जताई है कि बजट में प्रावधान होने के बाद पार्वती पुल के पुनर्निर्माण की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी, जिससे आवागमन व्यवस्था में सुधार होगा और क्षेत्रीय विकास को गति मिलेगी।

**खबर संक्षेप**

## भारतीय डाक विभाग की दुर्घटना पॉलिसी में 10 लाख तक का क्लेम

**सीहोर।** भारतीय डाक विभाग की इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक में 396 रुपये सालाना की कीमत पर दुर्घटना पॉलिसी जारी की है। इस बीमा पॉलिसी में दुर्घटना मृत्यु स्थाई विकलांगता, आंशिक विकलांगता होने अथवा घटना में अंग-भंग होने या लकवा होने की स्थिति में दस लाख रुपए तक का क्लेम प्रदान किया जायेगा। दुर्घटना का शिकार होने पर अस्पताल में भर्ती बीमाधारक को आईपीडी इलाज के खर्च के लिए 60 हजार रुपये और मरहम पट्टी की जाने अथवा ओपीडी में इलाज की स्थिति में 30 हजार रुपये की राशि मुहैया कराई जाएगी। अस्पताल में भर्ती होने की स्थिति में 60 हजार रुपये के अतिरिक्त 10 दिनों तक एक हजार रुपए भी प्रतिदिन दिए जाएंगे। बीमाधारक का परिवार अन्य शहर में रहता है तो उसके आने के लिए अधिकतम 25 हजार रुपए तक का टिकट खर्चा भी दिया जायेगा और दुर्भाग्य से बीमा धारक की मृत्यु हो जाती है तो पॉलिसी के तहत 5 हजार रुपए अंतिम क्रियाक्रम के लिए दिए जाने का प्रावधान भी रखा गया है। इसके साथ ही बीमा धारक की मृत्यु होने पर बीमा राशि दस लाख रुपये के अतिरिक्त बच्चों की पढाई के लिए एक लाख रुपये अलग से देने का प्लान है। योजना को लेकर भारतीय डाक विभाग द्वारा जगह-जगह डाक घरों में मेगा कैंप का आयोजन किया जायेगा। यह सुविधा किसी भी नज़दीकी डाक घर में पोस्टमैन द्वारा ली जा सकती है। आमजन अपने नजदीकी डाकघर में संपर्क कर बीमा करवायें।

### यातायात, पार्किंग, पेयजल, स्वच्छता, चिकित्सा, फायर सेफ्टी, भीड़ नियंत्रण व तकनीकी व्यवस्थाओं की बारीकी से की समीक्षा

# कुबेरेश्वरधाम पहुंचे आईजी, कलेक्टर, डीआईजी और पुलिस कप्तान ने किया कथा की तैयारियों का निरीक्षण

निरीक्षण के दौरान उन्होंने ने कहा कि कथा में लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को ध्यान में रखते हुए आयोजन से पूर्व सभी व्यवस्थाएं समयसीमा में पूर्ण की जाएं, ताकि आयोजन के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, असुविधा अथवा सुरक्षा संबंधी समस्या उत्पन्न न हो।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





कुबेरेश्वर धाम आयोजित होने वाले रूद्राक्ष महोत्सव एवं शिवमहापुराण कथा के दृष्टिगत पुलिस महानिरीक्षक संजय तिवारी, कलेक्टर बालागुरू के., उप पुलिस महानिरीक्षक ओम प्रकाश त्रिपाठी और पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने आयोजन स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कथा स्थल की सभी व्यवस्थाओं को देखा और पंडित प्रदीप मिश्रा, संबंधित विभागीय अधिकारियों एवं आयोजन समिति के सदस्यों के साथ बैठक कर आयोजन के संबंध में चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने ने कहा कि कथा में लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को ध्यान में रखते हुए आयोजन से पूर्व सभी व्यवस्थाएं समयसीमा में पूर्ण की जाएं, ताकि आयोजन के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, असुविधा अथवा सुरक्षा संबंधी समस्या उत्पन्न न हो। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अलग-अलग व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी सौंपी गई है, वे अपने दायित्वों को पूरी गंभीरता के साथ समझें और मौके पर उपस्थित रहकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि समिति के सभी सदस्य अपने-अपने कार्यक्षेत्र की जिम्मेदारियों को भली-भांति समझें तथा प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर कार्य करें। यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि कथा के दौरान किसी भी स्थिति में जाम की समस्या उत्पन्न न हो। इसके लिए पार्किंग स्थलों का स्पष्ट चिन्हांकन किया जाए तथा श्रद्धालुओं के वाहनों के लिए अलग-अलग पार्किंग जोन निर्धारित किए जाएं। ऑटो स्टैंड की समुचित व्यवस्था, स्टैंड तक पहुंचने के लिए उचित ढलान (स्लोप) निर्माण तथा वाहनों की आवाजाही के लिए सुव्यवस्थित मार्ग बनाए जाएं। उन्होंने कहा कि हाईवे एवं मुख्य मार्गों पर यातायात को सुचारू बनाए रखने के लिए डायवर्जन प्लान प्रभावी रूप से लागू किया जाए। उन्होंने सड़क मार्गों पर पर्याप्त संख्या में संकेतक, फ्लेक्स एवं सूचना बोर्ड लगाने के निर्देश दिए, ताकि बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को मार्ग संबंधी किसी प्रकार की परेशानी न हो। इसके साथ ही उन्होंने अनाउंसमेंट सिस्टम को सक्रिय रखने के निर्देश दिए, जिससे यातायात एवं आवश्यक सूचनाएं समय-समय पर श्रद्धालुओं तक पहुंचाई जा सकें। फायर सेफ्टी को लेकर उन्होंने निर्देश दिए कि फायर ब्रिगेड, अग्निशमन उपकरण एवं आपातकालीन व्यवस्थाएं पूर्ण रूप से उपलब्ध रहें।

पेयजल, स्वच्छता एवं बिजली व्यवस्था की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि आयोजन स्थल एवं आसपास के क्षेत्रों में पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाए। प्याऊ, टोंटीयुक्त नल कनेक्शन एवं जल टैंकरों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने साफ-सफाई के लिए अस्थाई एवं चलित शौचालयों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्तिच करने तथा नियमित सफाई के लिए सफाई कर्मियों की शिफ्टवार ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। विद्युत व्यवस्था को लेकर उन्होंने कहा कि सभी बिजली कनेक्शन सुरक्षित हों, नो-मेन जोन का पालन किया जाए तथा विद्युत विभाग की टीम 24 घंटे अलर्ट मोड पर रहे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नेटवर्क व्यवस्था एवं एलईडी स्क्रीन व्यवस्था को भी दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कथा के दौरान एलईडी स्क्रीन के माध्यम से श्रद्धालुओं को कार्यक्रम का स्पष्ट प्रसारण और सूचनाएं मिले तथा संचार व्यवस्था में किसी प्रकार की बाधा न आए। उन्होंने स्पष्ट किया कि आयोजन के दौरान रुद्राक्ष वितरण पूरी तरह से बंद रहेगा और इस संबंध में स्पष्ट सूचना बोर्ड लगाए जाएं, ताकि किसी प्रकार का भ्रम न रहे।

उन्होंने भोजनशाला, कथा पंडाल, प्रवेश एवं निकास द्वार, पार्किंग स्थल तथा कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि भोजनशाला में स्वच्छता, गुणवत्ता एवं खाद्य सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन किया जाए। कथा पंडाल को सुरक्षित एवं मजबूत बनाया जाए तथा कंट्रोल रूम को पूरी तरह क्रियाशील रखा जाए। चिकित्सा व्यवस्थाओं के संबंध में उन्होंने निर्देश दिए कि आयोजन स्थल पर पर्याप्त संख्या में एम्बुलेंस, प्रशिक्षित चिकित्सकीय स्टाफ एवं आवश्यक दवाइयां उपलब्ध रहें। उन्होंने कथा स्थल पर मिनी आईसीयू स्थापित करने के निर्देश दिए, ताकि गंभीर स्थिति में मरीजों को तत्काल उपचार उपलब्ध कराया जा सके।

उन्होंने निरीक्षण के दौरान कानून-व्यवस्था, सुरक्षा एवं यातायात नियंत्रण को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे नियमित रूप से स्थल का भ्रमण कर प्रगति की समीक्षा करें और यह सुनिश्चित करें कि कथा की सभी व्यवस्थाएं पूर्ण रूप से दुरूस्त हो, ताकि यहां आने वाले श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं श्रद्धामय वातावरण प्राप्त हो सके। निरीक्षण के दौरान एएसपी सुनीता रावत, एसडीएम तन्मय वर्मा, सीएसपी डॉ. अभिनंदना शर्मा समीर शुक्ला सहित अन्य अधिकारी एवं समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई विद्यालय में कॅरियर काउंसलिंग का आयोजन



**सीहोर।** शासकीय पीएम श्री महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में करियर काउंसलिंग करियर मेला का आयोजन किया गया इसमें विषय विशेषज्ञ के रूप में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर जयप्रकाश परमार एवं नरेंद्र वर्मा कोचिंग संस्थान के नरेंद्र वर्मा उपस्थित रहे ।डॉक्टर परमार ने चिकित्सा क्षेत्र में विभिन्न करियर प्रोग्राम्स के बारे में जानकारी दी और छात्राओं से एक लक्ष्य स्थापित करने हेतु आग्रह किया। विषय का बार-बार रिवीजन करना को उन्होंने महत्वपूर्ण बताया । नरेंद्र वर्मा ने पीएससी ,बैंक पुलिस, आदि की तैयारी करने के महत्वपूर्ण टिप्स छात्रों को बताएं। छात्राएं किस प्रकार से तैयारी करें, कैसे विषयों का चयन करें, किस प्रकार से अध्ययन करें, इस प्रकार की सभी जानकारी उनके द्वारा दी गई। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य समेत बड़ी संख्या में कक्षा 9 से 12वीं तक की छात्राएं एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। आभार सीमा जैन के द्वारा दिया गया।

## विश्व कैंसर दिवस पर शिविर लगाकर की गई 3763 व्यक्तियों की कैंसर स्क्रीनिंग





**सीहोर।** विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, सिविल अस्पतालों और नशा मुक्ति केंद्र पर कॉमन कैंसर जांच शिविर आयोजित किए गए। सीएमएचओ डॉ सुधीर डेहरिया ने बताया कि इन शिविरों नागरिकों की मुख, स्तन एवं सर्वाइकल कैंसर तथा अन्य कैंसरों की संभावना वाले कुल 3763 व्यक्तियों की स्क्रीनिंग की गई। स्क्रीनिंग के पश्चात चिन्हांकित जटिल रोगियों को आवश्यकता अनुसार सर्जरी एवं रेडियोथेरेपी के लिए रेफर किया गया। डेंटल स्पेशलिस्ट डॉ नेहा सिंह ने बताया कि नशा मुक्ति केंद्र में आयोजित शिविर में स्क्रीनिंग के दौरान कैंसरपूर्व घाव के 10 मरीज पाए गए, जिन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। इस दौरान मादक पदार्थों का सेवन करने वाले व्यक्तियों की काउंसलिंग भी की गई और नशा छोड़ने के लिए प्रेरित किया गया।

# सात दिवसीय वार्षिक शिविर के तृतीय दिवस किया ग्रामीणजनों के स्वास्थ्य का चेकअप





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय वार्षिक शिविर 2026 के तृतीय दिवस की शुरुआत प्रातः प्रभात फेरी के साथ की गई। प्रभात फेरी के पश्चात स्वयंसेवकों का योगा अभ्यास किया तथा दिन की प्रमुख गतिविधि के रूप में दिनांक 4 फरवरी 2026 को ग्राम बोरा खेड़ा में एक निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 4:00 बजे तक संचालित रहा। शिविर नेत्ररोग विशेषज्ञ, दंतचिकित्स तथा सामान्य चिकित्सा ने ग्रामीणों की जांच हुई और उनको स्वस्थ जीवनशैली अपनाने हेतु प्रेरित करते हुए पूर्ण सहयोग प्रदान किया।

चिकित्सा शिविर के साथ साथ क्लॉथ डोनेशन का भी आयोजन किया। दिन के अंतिमशाय में शिविर स्थल पर खेलकूद गतिविधियों का आयोजन किया गया। एनएसएसके पारंपरिक खेल जैसे कितने भाई कितने, राम-रावण युद्ध एवं रुमाल झपटा ने सभी प्रतिभागियों को अत्यंत उत्साहित किया। सांयकालीन सत्र में स्वयंसेवकों द्वारा कृष्ण की अंतिम चितावनी तथा कुरुक्षेत्र के ज्ञान पर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ शिविर का तृतीय दिवस कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. विनोद भट्ट, डॉ. देवव्रत गुप्ता, डॉ. गीतांजली गिरि एवं दीप्ति भोजवानी के कुशल मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## लायंस क्लब एवं सेवा सदन का मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला मुख्यालय के इंग्लिशपुरा क्षेत्र में गुरुवार, 04 फरवरी को नेत्र रोगियों के लिए लायंस क्लब एवं सेवा सदन के संयुक्त तत्वावधान में एक विशेष नेत्र शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय भोपाल द्वारा संचालित प्राथमिक नेत्र जांच केंद्र, वासिम मंजिल, मस्जिद के पास यह शिविर लायंस क्लब के सहयोग से आयोजित होगा।

इस संबंध में जानकारी देते हुए लायंस क्लब के अजय राय ने बताया कि गुरुवार सुबह 9:30 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक मरीजों की निशुल्क जांच की जाएगी।

जांच के दौरान जिन मरीजों में मोतियाबिंद पाया जाएगा, उन्हें ऑपरेशन के लिए सेवा सदन भोपाल ले जाने हेतु विशेष गाड़ी की व्यवस्था रहेगी। मरीजों को अस्पताल ले जाने, वहां ठहरने, भोजन, दवाइयों और ऑपरेशन की पूरी सुविधा पूरी तरह निशुल्क प्रदान की जाएगी।

# 7 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा में चतुर्थ दिवस मनाया श्री कृष्ण जन्म महोत्सव



**जावर।** ग्राम बमुलिया रायमल में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा में कथावाचक पूज्य पूजा शर्मा के मुखारविंद से भागवत कथा वाचक किया जा रहा है।

इसमें बताया गया कि शिशुपाल वध, कृष्ण–सुदामा मिलन एवं सुदामा चरित्र का अत्यंत मार्मिक वर्णन करते हुए बताया कि सच्ची मित्रता पद, वैभव या संपत्ति की मोहताज नहीं होती। श्रीकृष्ण–सुदामा की मित्रता प्रेम, समर्पण और निष्काम भाव का सर्वोच्च उदाहरण है।चतुर्थ दिवस भागवत कथा में श्री कृष्ण जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया जिसे श्रद्धालुओं ने गहरे भाव से आत्मसात किया चतुर्थ दिवस की कथा में श्रद्धालुओं को यह प्रेरणा दी कि जिवन मे बाहरी आकर्षण नहीं बल्कि सच्ची भक्ति सरलता और कर्म ही मनुष्य को ईश्वर के निकट ले जाते है। श्रीमद् भागवत कथा में सभी ग्रामवासी ने उपस्थित होकर धर्म लाभ प्राप्त किया उक्त जानकारी एवं मंच संचालन विरेन्द्र सिंह ठाकुर ने किया।

## टोल से गुजरने वाले ग्रामीण व शहरी नागरिकों का किया परीक्षण

# विश्व कैंसर दिवस पर निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजन में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर देवास–भोपाल कॉरिडोर (वर्टिस) – सीएसआर प्रशासन द्वारा फंदा टोल प्लाजा पर एक निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर में टोल प्लाजा से गुजरने वाले वाहन चालकों के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण एवं शहरी नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक परामर्श एवं जागरूकता प्रदान की गई। यह स्वास्थ्य शिविर प्रोजेक्ट निरामया के अंतर्गत अपोलो फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें परियोजना प्रमुख स्नेहा झा, परियोजना समन्वयक अय्याज, एमबीबीएस मेडिसिन डॉक्टर डॉ. अर्पित भार्गव एवं सीएसआर प्रबंधक उमा शंकर पाण्डेय के नेतृत्व में कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। शिविर के माध्यम से लोगों को समय पर स्वास्थ्य जांच, रोगों की पहचान, परामर्श एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर अपोलो फाउंडेशन टेली-मेडिसिन प्रशासन से संदीप, नर्सिंग स्टाफ नरेन्द्र, अजय जी, डीबीसीपीएल की टीम एवं अनेक सम्माननीय नागरिक उपस्थित रहे। सीएसआर के अंतर्गत आयोजित यह पहल स्वस्थ समाज, सुंदर समाज और बीमारी-मुक्त समाज के निर्माण की दिशा में एक सार्थक, संवेदनशील एवं मानवीय कदम है, जो जन-स्वास्थ्य के प्रति डीबीसीपीएल (वर्टिस) की सामाजिक प्रतिबद्धता और जिम्मेदार सोच को सशक्त रूप से दर्शाती है।

# शुभेच्छा कार्यक्रम आयोजित कर कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर




स्थानीय सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जावर में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को पुरस्कृत करने हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें कक्षा 12वीं के प्रत्येक विद्यार्थी को कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों ने मर्यादा की पगड़ी पहनाकर पुष्पमाला के साथ साथ प्रतीक चिन्ह भी भेंट किए गए।

कार्यक्रम के अतिथि के रूप में प्राचार्य नितिन कौशल, गजेंद्र विश्वकर्मा, अनिल शर्मा, मुनेंद्र सिंह तोमर, दरियाव सिंह, कमलेश खत्री आदि ने ज्ञान की देवी माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पमाला भेट कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की रूपरेखा रखते हुए प्राचार्य कौशल ने उपस्थित विद्यार्थियों को बताया कि आज के इस आधुनिक और भौतिक वातावरण में हमे अपने संस्कार और संस्कृति का भी विशेष ध्यान रखना हैं। इन्हीं सब उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया हैं।

कार्यक्रम के दौरान छात्रा हेमलता बामनिया, आरती बामनिया, सुषमा मालवीय आदि ने भी अपने विचार रखे।

कार्यक्रम के अंत में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने 11वीं के विद्यार्थियों को ज्ञान और अनुशासन के प्रतीक के तौर पर प्रज्वलित दीपक सौंपा और आने वाले विद्यार्थियों से आव्हान किया कि हमें अनुशासन के साथ साथ संस्कार और संस्कृति का विशेष ध्यान रखें। इस अवसर पर संस्था के समस्त सदस्य साथी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन लोकेंद्र सिंह ने किया। आभार छात्रा खुशी पांचाल ने व्यक्त किया।